ISSN: 2583-391X

सोच भारत की

इन्द्रप्रस्थ शोध संदर्श

वर्ष 6, अंक 1, वि. सं. 2081-82
जनवरी – मार्च, 2025, (युगाब्द – 5126-27)

Quarterly peer-reviewed journal

सोच भारत की

इन्द्रप्रस्थ शोध संदर्श

परामर्श

श्री अजेय कुमार, स्वतंत्र चिन्तक, दिल्ली

प्रो. योगेश सिंह, कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

प्रो. एस. पी. बंसल, कुलपति, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला

प्रो. बृजेश कुमार पाण्डेय, रेक्टर, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली

प्रो. सुषमा यादव, प्रति कुलपति, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़

प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा, पूर्व कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा

प्रो. रंजना अग्रवाल, निदेशक, सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान, दिल्ली

प्रमुख प्रबंधक

श्री विनोद शर्मा 'विवेक', प्रमुख, इन्द्रप्रस्थ अध्ययन केंद्र, नयी दिल्ली

प्रधान संपादक

प्रो. राजेंद्र कुमार पाण्डेय, आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

संपादक

डॉ. कुमार सत्यम, सहायक आचार्य, समाज कार्य विभाग, डॉ भीम राव अंबेडकर महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

संपादक समिति

प्रो. राकेश कुमार पाण्डेय, आचार्य, भौतिकी विभाग, किरोड़ी मल महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

प्रो. सुनील कुमार कश्यप, आचार्य, वाणिज्य विभाग, शहीद भगत सिंह महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ. राम निवास सिंह, प्रवक्ता, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, दिल्ली

डॉ. सोनिया, सहायक आचार्य, संस्कृत, मानविकी विद्यापीठ, इग्नू, दिल्ली

डॉ. विकास शर्मा, सहायक आचार्य, संस्कृत, पाली, प्राकृत और प्राच्यभाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

श्री दीपक सिंह, शोध छात्र, राजनीति विज्ञान विभाग, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

मीडिया आई. टी. एवं प्रचार-प्रसार

डॉ. मनीष कुमार सिंह, सहायक आचार्य, संगणक विज्ञान विभाग, श्यामा प्रसाद मुख़र्जी महाविद्यालय, दिल्ली

डॉ. दीपक मित्तल, सहायक आचार्य, संगणक विज्ञान विभाग, दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, दिल्ली

श्री मनोज कुमार, सहायक आचार्य, यांत्रिकी विभाग, भास्कराचार्य महाविद्यालय, दिल्ली

पंजीकृत कार्यालय

एस 44-45, दुकान नंबर 1,
परमपुरी, उत्तम नगर,
नई दिल्ली – 110059
Email: ipakendra@gmail.com

संदर्भ पुस्तकालय

1/7, श्रीराम कुटीर, द्वितीय तल,
चाणक्य प्लेस, C-1, जनक पुरी,
नई दिल्ली - 110059
सचल दूरभाष: 981149924, 9868084938

संपादकीय

This issue of the journal presents an intellectually diverse collection of articles that together engage with the foundational, cultural, spiritual, and political dimensions of Indian thought. The contributions included here not only reaffirm the depth of India's civilizational heritage but also situate it meaningfully in dialogue with contemporary academic and societal concerns.

The opening article, *"भारतीय संविधान की प्रस्तावना में वर्णित मूल्य एवं संस्कृत वाङ्मय,"* analyses the principles articulated in the Preamble of the Indian Constitution through the lens of Sanskrit literary traditions. This study reminds us that values such as justice, liberty, equality, and fraternity are not abstract ideals borrowed from elsewhere but are deeply rooted in indigenous philosophical discourses. The Constitution, therefore, emerges as both a modern framework for governance and a continuation of India's intellectual legacy. *"भारतीय सनातन धर्म की आधुनिक विश्व में उपादेयता,"* examines Sanatan Dharma as a philosophy of life that transcends ritualistic dimensions to provide ethical and spiritual guidance for humanity. In an age of ecological imbalance and global fragmentation, this article underscores its enduring relevance in shaping discourses of harmony and sustainable living.

"Search on Research – Vedas and Upanishads through a Bibliometric Analysis," applies bibliometric tools to classical sources and bridges traditional scholarship and modern research methodologies, demonstrating the continuing vitality of ancient texts in shaping academic trajectories. *"भारत की पारंपरिक सांस्कृतिक व्यवस्था और उसका वर्तमान विश्व पर प्रभाव,"* complements this inquiry by highlighting the global influence of India's cultural systems, revealing how traditions rooted in antiquity continue to shape and inspire contemporary societies across the world. *"Evaluating India's Economy and Political Development through the Perspective of Capability Approach,"* moves beyond economic growth metrics and underscores the importance of dignity, freedom, and opportunity as fundamental measures of progress, providing a critical lens through which to understand India's democratic and developmental trajectory.

The अंतर्दृष्टि section deepens this reflective engagement, *"मूल्यशिक्ष्या: पाठ्यक्रम,"* draws attention to the significance of value-based education in today's curriculum, reaffirming the role of pedagogy in cultivating ethical citizens. *"वैश्विक स्वास्थ्य, मानसिक संतोष एवं आनंद की अनुभूति के लिए भारतीय अध्यात्म की आवश्यकता"* foregrounds the relevance of Indian spirituality in addressing global crises of well-being and mental health, and *"Emergence of Hindutva in 21st Century"* provides a nuanced perspective on contemporary political transformations and their implications for Indian society. The issue also includes a book review of *"The Coming Wave,"* offering a critical engagement with forward-looking global concerns. Concluding the volume, the विविधा section presents an enchanting poem, "शिवाय," which poetically paints a picture of Shiva.

Taken together, the articles in this issue reflect the vibrancy of Indian intellectual traditions and their continued dialogue with modern realities. By weaving together scholarship on constitutional values, cultural continuity, spiritual ethics, political development, and literary expression, this edition affirms the enduring relevance of India's past while opening pathways for reimagining its future.

Editor

अनुक्रमाणिका

पृष्ठ

संपादकीय i-ii

शोध-पत्र

- **भारतीय संविधान की प्रस्तावना में वर्णित मूल्य एवं संस्कृत वाङ्मय** 2-9
  Rajat Kohly
- **भारतीय सनातन धर्म की आधुनिक विश्व में उपादेयता** 10-16
  Kaushal Kishor Prajapat
- **Search on Research- Vedas and Upanishads through a Bibliometric Analysis** 17-28
  Dr. Priyanka Puri
- **भारत की पारंपरिक सांस्कृतिक व्यवस्था और उसका वर्तमान विश्व पर प्रभाव** 29-35
  प्रीत पाल
- **Evaluating India's Economy and Political Development through the Perspective of Capability Approach** 36-46
  Dr. Abhay Vikram Singh
  Anchal Chauhan

अंतर्दृष्टि

- **मूल्यशिक्ष्या: पाठ्यक्रम:** 48-54
  Sandeep Kumar Sharma
- **वैश्विक स्वास्थ्य, मानसिक संतोष एवं आनंद की अनुभूति के लिए भारतीय अध्यात्म की आवश्यकता** 55-57
  प्रज्ञा माहेश्वरी
- **Emergence of Hindutva in 21st Century** 58-63
  Anup Kumar Mahto

पुस्तक समीक्षा

- **The Coming Wave** 65-66
  डॉ. मनीष कुमार सिंह

विविधा

- **शिवाय:** 68-69
  भावना शर्मा

शोध-पत्र

भारतीय संविधान की प्रस्तावना में वर्णित मूल्य एवं संस्कृत वाङ्मय: संविधान के उद्देश्यों को निर्धारण करने के विशेष संदर्भ में

रजत कोहली
शोध छात्र,
राजनीति विज्ञान विभाग,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

भारत में शरीर को नश्वर एवं आत्मा को कभी ना नष्ट होने वाला समझा जाता है यानि आत्मा वह तत्व है जो जीवन को प्रवाहित होने वाली शक्ति को सँजोये हुए है। जीवन की पुष्टि करने वाला वह तत्व, जिसके बिना जीवन की कल्पना करना संभव नहीं लगता। इसी प्रकार भारत में संविधान की प्रस्तावना को संविधान की आत्मा के रूप में उल्लेखित करना उचित ही है, क्योंकि वह भी संविधान के मूल तत्वों को अपने भीतर समाएं हुए है जिसके माध्यम से संविधान की व्याख्या की जाती है। सुभाष कश्यप अपनी पुस्तक 'हमारा संविधान' में प्रस्तावना के विषय में वर्णन करते हुए कहते हैं 'संविधान की प्रस्तावना उन मौलिक मूल्यों एवं उद्देश्यों को अपने भीतर समाएं हुए है जो भविष्य में हमे प्राप्त करने हैं एवं जिन्हें हमारे महापुरुषों द्वारा प्राप्त करने योग्य समझा गया था'।[1] यही नहीं बल्कि न्यायाधीश हिदायतुल्लाह गोलकनाथ- पंजाब राज्य विवाद में प्रस्तावना का वर्णन करते हुए कहते है 'प्रस्तावना संविधान की आत्मा है जो अपरिवर्तनशील एवं शाश्वत है।'[2] सर्वोच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश सीकरी केशवानन्द भारती- भारत का संघ विवाद में प्रस्तावना की व्याख्या करते हुए कहते है 'संविधान की व्याख्या प्रस्तावना में वर्णित मूल्यों की दृष्टि से होनी चाहिए'। प्रस्तावना को संविधान के भाग के रूप में ही देखा जाता है परंतु इस पर 1960 में हुए बेरूबरी मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा संदेह जाहीर किया गया परंतु इस पर केशवानन्द भारती- भारत का संघ, निर्णय में संविधान सभा में हुई चर्चा के आधार पर प्रस्तावना को संविधान का भाग माना गया।[3]

भारतीय संविधान की ही तरह संविधान में वर्णित प्रस्तावना के लिए भी यही समझा जाता है कि यह भी विदेशी संविधान से अनुप्राणित है, विशेषकर अमेरिका के संविधान को इसका उद्भव स्थान समझा जाता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह भी है कि अमेरिकी संविधान में प्रयुक्त शब्दावलियों का इस्तेमाल इसमें किया गया है। हालांकि यह विचारणीय है कि भारत की प्रस्तावना अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया एवं कनाडा से कहीं अधिक विस्तृत एवं विशाल है।[4] संविधान सभा के बहुत से सदस्यों का भारतीय संस्कृत वाङ्मय से परिचय एवं उस पर उनका अटूट विश्वास भी संविधान को इतना विस्तृत बनाता है जिससे वह अन्य संविधानों की अपेक्षा कहीं अधिक ज्ञान विभूषित है। यदि हम भारतीय साहित्य का इस दृष्टि से अध्ययन करें तो हमे अनायास ही हर ग्रंथ के उद्देश्यों का वर्णन ग्रंथ के आरंभ में ही प्राप्त हो जाएगा जिस प्रकार संविधान की प्रस्तावना को उद्देशिका के रूप में लिया गया है। कहीं-कहीं पर तो

बिल्कुल वही भाषा या उससे भी विस्तृत (जैसे लोक शब्द का प्रयोग होना) भी मिलेगी जो आधुनिक संविधान में प्रयुक्त होती है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है जैसे भारतीय साहित्य का इन आधुनिक ग्रंथों पर प्रभाव हो। प्रस्तुत अध्ययन का विभिन्न उद्देश्यों में से यह भी एक उद्देश्य है कि भारतीय संस्कृत साहित्य का अध्ययन कर प्रभावों को उजागर करना। भारतीय साहित्य में उन सभी मूल्यों के सरलता से दर्शन हों जाते हैं जिनका प्रस्तावना में वर्णन मिलता है। तो ऐसा लगना भी स्वाभाविक ही है कि जिस दर्शन को हम वर्षों से अपने जीवन में उतारे हुए है, जिस पर चिंतन, मनन एवं निदिध्यासन इतने लंबे समय से चल रहा है उसे हम कहीं ओर से किस प्रकार प्राप्त कर सकते है। प्रस्तुत अध्ययन में इस पर विस्तार से चर्चा की गई है।

संविधान की प्रस्तावना और भारतीय संस्कृत वाङ्मय

जैसा की पूर्व में भी कहा गया कि आज हम संविधान की प्रस्तावना को संविधान का भाग बनाने के लिए विभिन्न देशों के संविधान से अनुप्राणित हैं एवं प्रस्तावना में चर्चा किए गए मूल्यों को भी भिन्न-भिन्न देशों से लिया मानते हैं। बुद्धिजीवियों द्वारा 1215 मैग्ना कार्टा को आधुनिक संविधानवाद एवं व्यवस्था के निर्माण के लिए सर्वप्रथम प्रयास के रूप में देखा जाता है। परंतु इस बात में कोई विवाद नहीं है कि व्यवस्थाओं के पीछे परंपराओं का बड़ा योगदान होता है और परंपराएँ एक दिन में निर्मित नहीं होती परंतु लंबे समय में लोक में व्याप्त होती हैं। उन्हीं परंपराओं के आधार पर व्यवस्थाएँ बनती हैं। संविधान की प्रस्तावना का संविधान के उद्देश्यों, लक्ष्य के रूप में अपनाएँ जाना एक ऐसी परंपरा है जो भारत में संस्कृत के सम्पूर्ण साहित्य में देखने को मिलती है। यानि भारत में किसी भी साहित्य के निर्माण के समय पूर्व में उसके उद्देश्यों का वर्णन किया गया है। ऋषि अपनी प्राथनाओं में अपने उद्देश्यों के वर्णन कर रहें हैं। उपनिषदों में शांति मंत्र के माध्यम से यही बताया जा रहा हैं कि इन उपनिषदों को पढ़कर क्या प्राप्त होगा एवं यदि किसी उपनिषद का भाव समझना है तो किस प्रकार उसे शांति मंत्र से मिलाकर पढ़ना ठीक होगा जैसा की संविधान की प्रस्तावना के विषय में भी कहा जाता है। इसी प्रकार से ब्रह्मसूत्र की भी उपयोगिता है, उपनिषदों को व्यवस्थित रूप से समझने हेतु। कोई भी गोष्ठी या शुभ कार्य कल्याण मंत्र के साथ आरंभ करने का भी यही उद्देश्य समझा जाता है। अब यहाँ पर यह लग सकता है कि संविधान के रक्षक के रूप में सर्वोच्च न्यायालय है एवं विधि का शासन भी प्रस्तावना को व्यवस्थाओं के निर्माण के लिए अपरिहार्य मानता है जो भारत में नहीं दिखता। हालांकि यह व्यवस्थाएँ भारत में भी है पर भारत में एक ऐसी व्यवस्था भी है जो इन सभी व्यवस्थाओं से कहीं अधिक शक्तिशाली है वह है लोक की व्यवस्था, जो सर्वोच्च है जिसको आज नागरिक समाज के रूप में निरूपित किया जाता है हालांकि लोक नागरिक समाज से कहीं अधिक विस्तृत व्यवस्था है। जॉन लॉक को नागरिक समाज का प्रणेता समझा जाता है जबकि भारत में यह व्यवस्था लंबे समय से विद्यमान है, जो कि भारत में उन किसी भी व्यवस्था की प्रस्तावना के उद्देश्यों के अभिभावक के रूप में काम करती है जिन्हें हम उद्देशिका के समतुल्य मानकर चलते हैं। आज जब हम विधि के शासन को न्यायसंगत मानकर चलते हैं पर हमे इस बात का आभास भी अवश्य ही होता होगा कि न्यायिक व्यवस्था में कितनी त्रुटियाँ होती हैं एवं किस प्रकार संस्थानीकरण व्यवस्थाओं को किस प्रकार रूढ किया। वहीं अगर भारत की व्यवस्थाओं की उपयोगिता है, जहाँ आवश्यकता है वहाँ संस्थाएँ भी हैं परंतु लोक सर्वोपरि हैं। इस प्रकार भारत में लंबे समय से साहित्य एवं व्यवस्थाओं में उद्देश्यों का विशेष योगदान हैं जिसकी लोक के द्वारा रक्षा की जाती हैं।

संप्रभुता : राज्य का आधार

प्रस्तावना में प्रथम मूल्य के रूप में भारत को संप्रभु यानि सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न राज्य के रूप में निरूपित किया गया है। इसका अर्थ है राज्य किसी भी कार्य को करते हुए बाह्य एवं आंतरिक हस्तक्षेपों से स्वतंत्र होगा। यानि राज्य किसी भी अन्य राज्य के अधीन ना होकर सम्पूर्ण रूप से स्वयं का प्रभु होगा। संप्रभुता राज्य के उन चार तत्वों में से एक है जिससे मिलकर राज्य बनता है अन्य तीन तत्व हैं सरकार, क्षेत्र, जनसंख्या। गार्नर एवं गेटेल द्वारा भी राज्य के यही चार तत्व बताएँ गए हैं। विचारकों द्वारा संप्रभुता के सिद्धांत को सोलहवी सदी के फ्रांसीसी विचारक जीन बोदीन के संप्रभुता के सिद्धांत तक ले जाया जाता है जिसमे वह संप्रभुता को अविभाज्य मानता हैं एवं इससे किसी एक व्यक्ति या समूह में निहित बताता हैं। वहीं आगे उन्नीसवी शताब्दी में जॉन ऑस्टिन द्वारा अपनी पुस्तक *'लेकचर्स ऑन जुरिसप्रूडन्स'* में संप्रभुता को अविभाज्य तो माना ही इसके अतिरिक्त इस ऐसे व्यक्ति या समूह में निहित माना जो सर्वोपरि है एवं सभी को उसके अधीन माना। हालांकि इसके विपरीत ही लोकप्रिय संप्रभुता का सिद्धांत भी फ्रांस में रूसो द्वारा प्रतिपादित किया गया जिसमें संप्रभुता लोक में निहित मानी गई। यही वह व्यवस्था है जो भारत के सबसे करीब दिखाई देती हैं। जैसे की पूर्व में भी चर्चा की जा चुकी है कि भारत में लोक सर्वोपरि हैं एवं लोक में ही सभी शक्तियां निहित दिखती हैं। दंड के वर्णन को सुनकर यह लग सकता हैं कि दंड सर्वोपरि हैं क्योंकि जिस प्रकार से महाभारत के शांतिपर्व के 14-15 अध्याय में दंड की महिमा गाई गई है एवं कौटिल्य ने भी अपने अर्थशास्त्र में दंड की उपयोगिता को स्थापित किया हैं परंतु वहीं पर लोक के सर्वोपरि होने के भी साक्ष्य बहुतायत में उपलब्ध हैं। जैसे कौटिल्य अपनी अर्थशास्त्र में लिखते हैं

तीक्ष्णदंडो हि भूतानामुद्वेजनीयः। मृदुदण्डः परिभूयते। यथार्हदंडः पूज्यः।[5]

इस प्रकार लोक सर्वोपरि समझा जाता हैं। जब यहाँ लोक की चर्चा की जाती हैं तो यह समझना आवश्यक हो जाता है कि लोक हैं क्या? लोक से अभिप्राय केवल जनसंख्या से ना होकर पशु-पक्षियों एवं हर प्रकार के जीवों से हैं। इनके बीच का परस्पर संबंध ऐसी व्यवस्था का निर्माण करता हैं जिसमे सभी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं जिसपर भारत का सम्पूर्ण दर्शन आधारित हैं जिससे कालांतर में दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद की संकल्पना का नाम दिया। वस्तुतः यहाँ मानववाद शब्द प्रयुक्त किया गया है पर ये सभी जीवों को एक-दूसरे से जोड़कर देखता हैं। जो पिंड में है वह ब्रह्मांड में तथा जो ब्रह्मांड में है वही पिंड में। ऐसे लोक में यदि सभी शक्तियां निहित होंगी तो किसी ओर व्यवस्था की आवश्यकता ही नहीं हैं। परंतु यदि इसे आधुनिक संप्रभुता के समतुल्य माने तो यहाँ एक कठिनाई आती है वह है कि क्या जिस प्रकार आधुनिक राज्य का आधार संप्रभुता हैं जिसमे क्षेत्र का निर्धारण भी अतिआवश्यक जिसमे रहने वाली जनसंख्या में वह संप्रभुता निहित होगी, इसी प्रकार भारत में भी सभी तत्व हैं तो क्षेत्र क्या होगा, इस पर वायुपुराण का यह मंत्र जिसमे भारत के क्षेत्रफल की व्याख्या आती हैं इस बात की पुष्टि करता है कि भारत में भी क्षेत्रफल ओर उसमे रहने वाली जनसंख्या है जिसमे संप्रभुता निहित हैं। वह मंत्र हैं

उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम् |

वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः||[6] (2.3.1, विष्णु पुराण)

समाजवादी राज्य : समता की ओर एक सौपान

संविधान की मूल प्रस्तावना में यह शब्द नहीं था बल्कि इस शब्द को 1976 में स्वर्ण सिंह समिति की अनुशंसा द्वारा 42वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया। लेकिन इस बात में कोई दो राय नहीं है कि भारत आरंभ से ही समाजवादी राज्य रहा है। यहाँ आरंभ का अर्थ संविधान के लागू होने से नहीं है परंतु आदि काल से ही है। आधुनिक काल में समाजवादी विचारधारा को समझने हेतु यह समझा जाना चाहिए कि यह विचार प्रतिक्रिया के रूप में विश्व के सामने प्रकट हुआ। पूंजीवाद द्वारा निर्मित व्यवस्थाओं के विरुद्ध यह उन्नीसवीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों में चर्चाओं का हिस्सा यूरोपीय समाज में बनने लगा क्योंकि इस विचारधारा के विचारकों का यह मानना था कि पूंजीवाद द्वारा समाज में आर्थिक रूप से असमानता व्याप्त हुई है। जिसका कारण निजी संपत्ति एवं राज्य द्वारा व्यक्ति की स्वतंत्रता का इस हद तक संरक्षण था कि जिसके माध्यम से वह अत्यधिक लाभ पा सके। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में ही कार्ल मार्क्स ने वैज्ञानिक समाजवाद का सिद्धांत प्रतिपादित किया जिसमें समाजवाद को शाश्वत नियम के रूप में मार्क्स ने स्थापित किया। भारतीय संविधान में समाजवादी सिद्धांत राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में व्याप्त हैं जो की संविधान के भाग IV अनुच्छेद 36 से 51 तक हैं। समाजवाद का ही सिद्धांत है जिसने लोक कल्याणकारी राज्य की संकल्पना को जन्म दिया। यदि लोक कल्याणकारी राज्य ही समाजवाद के ध्येय को पूर्ण करता है तो हमे ऐसे लोक कल्याणकारी राज्य के दर्शन भारतीय साहित्य कई जगह देखने को मिलेंगे। भारत में समाजवाद इतना संकीर्ण ना होकर बहुत विस्तृत है। वह किसी भी विचार के विरुद्ध नहीं जन्मा जैसा हमे यूरोप में उन्नीसवीं शताब्दी में देखने को मिलता है, परंतु भारत का समाजवाद तो सम्पूर्ण समाज को अपने साथ लेकर चलता है। पूरे समाज की चिंता ही भारतीय दर्शन की विशेषता है। समाज में यदि वर्णों के विभाजन को कुदृष्टि से देखा जाता है तो इस बात को जानने की अधिक आवश्यकता है कि यह भारत का वैशिष्ट्य है जिसकी वजह से भारत इतनी उन्नति को प्राप्त हुआ जिसकी कल्पना विश्व की किसी सभ्यता ने ना की थी। कार्यो का विभाजन ही वर्ण व्यवस्था का मूल हेतु था जिसके माध्यम से भारत एक कुशल समाज के रूप में विकसित हुआ। व्यवस्थाओं में कुरीतियों का आना सामान्य बात हैं परंतु इसके लिए उनमे सुधार किया जाता है ना की उन्हें पूर्णतः नष्ट किया जाता है। यदि भारत में छुआ-छूत जैसे तत्व उसके दर्शन में विद्यमान होते तो श्रेष्ठ एवं प्रथम माने जाने वाले इशावस्य उपनिषद के पहले ही मंत्र में ऋषि सभी में एक ईश्वर देखने की बात क्यों करता जब वह कहता है

ईशावास्यमिदं *सर्वं* यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।

तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।।[7]

यानि 'इस जगत के कण-कण में एक ही ईश्वर का वास है इसीलिए त्याग पूर्वक उपभोग करना चाहिए' जिससे सभी के जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो सके यह चिंतन कितने उच्च विचारों पर आधारित होगा जो ना सिर्फ मनुष्य की परंतु जीव मात्र को एक बंधन में बांधते है।

एवं यह ही नहीं किन्तु इशावस्य उपनिषद के ही छठे मंत्र में ऋषि समानता स्थापित करते हैं। जो की इस प्रकार है

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मनेवानुपश्यति।

सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते॥[8]

यानि 'जब हम संपूर्ण प्राणियों को ईश्वर में एवं ईश्वर के दर्शन सभी प्राणियो में करते हैं तो किसी से भी घृणा नहीं करते'। क्या इससे वैज्ञानिक प्रमाण होगा जो हमें ये सिद्ध कर दे कि हमें असमानता का व्यवहार क्यूँ त्याज्य होना चाहिए।

भारत में समाज को वर्गों में विभाजित करकर नहीं देखा जाता जिसका अर्थ यह है कि भारतीय समाज में एकात्मता है जिसे एक शरीर की तरह देखा जा सकता है जिसके विभिन्न अंग एक दूसरे पर परस्पर अवलंबित है जिसमे एक अंग को क्षति पूरे शरीर को क्षति पहुंचाएगा। इसी तरह यदि सम्पूर्ण शरीर को स्वस्थ रखना है तो हर एक अंग की चिंता करनी होगी। समाज के हर अंग की चिंता करना ही भारतीय दर्शन का लंबे समय से स्वभाव रहा है। यही सच्चे समाजवाद के दर्शन है जिसमे सम्पूर्ण समाज का विकास हो सके ना कि वह समाजवाद जो आधुनिक समय में समाज को छिन्न-भिन्न करके प्राप्त हो।

पंथनिरपेक्षता में धर्म की आवश्यकता

पंथनिरपेक्षता शब्द तो वस्तुतः 1976 में संविधान में जोड़ा गया परंतु संविधान इस मूल्य को आरंभ से अपने भीतर लेकर चल रहा है। यदि भारत के साहित्य की बात करें तो चिर-काल से भारत इस मूल्य को अपने में सँजोये हुए है। यहाँ सर्वप्रथम पंथनिरपेक्षता का अर्थ समझना अतिआवश्यक है। पंथनिरपेक्षता का अर्थ दो रूपों में देखा जाता है, सर्वप्रथम नाकारात्मक पंथनिरपेक्षता यानी जिसमे राज्य का स्वयं का कोई पंथ नहीं है तथा वह सभी पंथों को समान रूप में देखता है, अथवा सकारात्मक पंथनिरपेक्षता, जिसमे राज्य हर पंथ के संरक्षण के लिए समान प्रयास करे। इनके बीच का अंतर राज्य का पंथों के प्रति सक्रिय एवं निष्क्रिय दृष्टि से देखना है। आज भी 'सेक्युलर' शब्द का मूल अनुवाद धर्मनिरपेक्षता ही समझा जाता है, परंतु धर्म के अर्थ की व्यापकता को देखते हुए हमारे संविधान में पंथनिरपेक्षता शब्द प्रयुक्त हुआ है। यदि हम 'सेक्युलर' शब्द की ही बात करें तो भारत की परंपरा इस शब्द को भी सार्थक करती हुई दिखती है। अथर्ववेद का यह मंत्र हमे अनायास ही इस व्यवस्था के दर्शन करा देता है जब उसमें यह आया है

'जनं विभ्रति बहुधा विवाचसं नानाधर्माणं पृथ्वी यथोकसं'[9]

यहाँ इस वाक्य का अर्थ है कि 'भारत देश की धरती पर विभिन्न भाषाओं के बोलने वाले एवं नाना प्रकार के धर्मो का पालन करने वाले लोग रहते है'। इस वाक्य में प्रयुक्त धर्म शब्द का अर्थ पंथ के रूप में भी लिया जा सकता है जो वस्तुतः धर्म का ही एक भाग है। यहाँ भारत के 'सेक्युलर' होने की पुष्टि हो जाती है। परंतु अगला प्रश्न जो हमारे सामने आता है वह यह है कि क्या कोई देश बिना धार्मिक जीवन को अपनाये 'सेक्युलर' हो सकता है? क्योंकि किसी भी राज्य को 'सेक्युलर' होने के लिए अपने नागरिकों के जीवन में कुछ सिद्धांतों को उतारना अपरिहार्य होगा जिनके अभाव में राज्य किसी भी मूल्य की रक्षा करने में सक्षम नहीं होगा, यह बात भी ध्यान रखने जैसी है कि वह सिद्धांत डंडे के बल पर बाहरी रूप से उड़ेले नहीं जा सकते परंतु जीवन दर्शन के माध्यम से ही जीवन का भाग बन सकते है, उसी को यहाँ धर्म कहा गया है। धर्म के यदि लक्षणों की बात की जाए तो उसमें पहला ही लक्षण 'धृति' यानी धैर्य, जिसके अभाव में विभिन्न पंथों के मानने वालों का एक साथ रहना असंभव है। अगला लक्षण 'क्षमा' पूर्व वाले की प्रतिमूर्ति ही

जान पड़ता है तथा उसकी आवश्यकता भी अपरिहार्य हो जाती है। 'अक्रोध' भी ऐसा लक्षण है जिसके अभाव में 'सेक्युलर' होना कठिन होगा। इस प्रकार यह बात कहने में कोई संकोच नहीं कि पंथनिरपेक्ष होने के लिए भी धर्म की अत्यंत आवश्यकता है। कोई भी राज्य अपने को तभी 'सेक्युलर' कह सकता है जब उस देश के नागरिक धार्मिक जीवन जीते हों एवं धर्म के लक्षणों को अपने जीवन का अभिन्न अंग मानकर चलते हों।

लोकतान्त्रिक गणराज्य: भारतीय समाज का मौलिक मूल्य

भारतीय संविधान में प्रयुक्त शब्द 'लोकतान्त्रिक गणराज्य' जीवन के उस मूल्य की ओर संकेत करता है जिसने मनुष्य जीवन के विकास में अतुलनीय योगदान सर्वथा दिया है। यदि इन दोनों शब्दों का नीर-छीर विवेक करें तो यह भारत की मूल भावना को रेखांकित करते हुए दिखती है। यद्यपि लोकतंत्र शब्द को अंग्रेजी के 'डेमोक्रेसी' का अनुवाद समझा जाता है, यह भ्रामकता है। लोकतंत्र शब्द अपने आप में बहुत विस्तृत शब्द है। परंतु इस शोध पत्र का यहाँ उद्देश्य शब्दों का अंतर प्रस्तुत करना नहीं है इसलिए इस विषय को आवश्यक होते हुए भी यहाँ छोड़ा जाना ही समीचीन है। लोकतंत्र का अर्थ 'लोक द्वारा अपने संचालन के लिए बनाया गया तंत्र है जो लोक के प्रत्येक जीव के जीवन की चिंता करे'। यद्यपि इस शब्द को हमने अपने संविधान की प्रस्तावना में अपनाया है एवं अंग्रेजी शासन व्यवस्था से लिए गए मूल्य के रूप में देखते है किन्तु इसमे कोई संशय नहीं है कि यह भारत की भावभूमि के स्पष्ट दर्शन हमें करा देता है। यह शब्द भारतीयों की जीवन पद्धति को संपूर्ण स्पष्टता के साथ हमारे सम्मुख रखता है। यही कारण भी है कि भारत को लोकतंत्र की जननी के रूप में देखा जाता है। इसके उदाहरण के रूप में वह वेदकालीन संसद है जिनके दो सदन सभा एवं समिति है जो लोक का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन सदनों में लोक के विषय में चिंतन-मनन किया जाता है एवं किस प्रकार लोक का कल्याण हो सकता है उस पर विस्तार से चर्चा भी की जाती है। आज की लोकसभा समिति की ही तरह लोकप्रिय सदन के रूप में जाना जाता है। आज की राज्यसभा को प्राचीन भारत की सभा जिसे उच्च सदन या प्रौढ़ो की सभा भी कहा जाता है, वह इसलिए क्योंकि इस सदन में अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को स्थान प्राप्त होता था, जैसा आज राज्यसभा में भी होता है।

गणराज्य शब्द का अर्थ 'गणों द्वारा संचालित राज्य से है', परंतु आज इस शब्द को 'रीपब्लिक' के समतुल्य रखा जाता है जिससे विषय अस्पष्ट प्रतीत होता है। यदि 'रीपब्लिक' शब्द के अर्थ को समझने का प्रयास करें तो यह समझा जाता है कि यह ऐसे राज्य की संकल्पना करता है जिसका मुखिया वहाँ की जनता द्वारा चुना गया हो। महाभारत एवं भारत के अन्य साहित्य में गणराज्यों के अर्थ में कुछ विस्तार प्रतीत होता है जिसमे गणराज्य ना केवल राज्यों के प्रतिनिधित्व को दर्शाता है अथवा उसमे बहुत से राज्यों के मुखियाओ द्वारा बनी एक ऐसी सभा की बात भी की जाती है जो शक्ति संतुलन बनाकर रखेगी एवं किसी भी एक मुखिया को सर्वाधिकार प्रदान नहीं करती। काशी प्रसाद जायसवाल विस्तार से अपनी पुस्तक 'हिन्दू राजयव्यवस्था' में इन गणराज्यों पर प्रकाश डालते है। आज हमे विश्व में कई ऐसे राज्यों के दर्शन हो जाते है जिनके नाम में तो 'रीपब्लिक' है किन्तु वह सर्वाधिकारवादी शक्तियों के अधीन हैं। हमारे देश के संविधान की प्रस्तावना में जब इन दोनों शब्दों 'लोकतान्त्रिक गणराज्य' का एक साथ प्रयोग हुआ है तो यह एक ऐसे समुच्य को प्रदर्शित करता है जो कि हमे हमारे देश की शासन की संस्कृति से जोड़ता है।

न्याय: भारतीय जनमानस की चेतना का प्रतिबिंब

भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय को मूल्य रूप में स्थान प्राप्त हुआ है। सामाजिक न्याय, यहाँ सामाजिक स्थितियों, सामाजिक संरचना एवं इस संरचना का सामाजिक संबंधों पर प्रभाव से संबंधित है। सामाजिक न्याय शब्द उन्नीसवीं शताब्दी में प्रचलन में आया, जैसे-जैसे यूरोप में काले-गोरे का विवाद अपने चरम पर पहुँचा वैसे-वैसे समाज के अन्य पक्षों पर भी ध्यान जाने लगा उसमे महिलाओं संबंधित अधिकार भी आ जाते हैं। भारत में जाति व्यवस्था एवं उससे जुड़ी रूढ़ियों को सामाजिक अन्याय के रूप में देखा और समझा गया। उन्नीसवीं शताब्दी में ज्योतिबा फुले एवं बीसवीं शताब्दी में डॉ अंबेडकर एवं पेरियार ने जाति प्रथा एवं उससे जन्मीं छुआछूत से संघर्ष करना अपने जीवन का ध्येय समझ लिया। संविधान में सामाजिक न्याय के लिए प्रावधान सामाजिक अन्याय को संपूर्णता से समाप्त नहीं कर सकता क्योंकि संस्थाओं के माध्यम से व्यवस्थाएँ तो बनाई जा सकती हैं किन्तु व्यक्ति का चरित्र नहीं बदला जा सकता। संस्कृत वाङ्मय में समाज के कल्याण को जन मानस में उतारा जाता था। सम्पूर्ण समाज के कल्याण के लिए कई मंत्र वाङ्मय में प्रयुक्त हुएं है। ईशावस्य उपनिषद में आया पहला मंत्र ही हमे इसके दर्शन करा देता है, जो इस प्रकार है

ईशावास्यमिदं *सर्वं* यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।

प्रत्येक जीव में एक ही ईश्वर का वास हमे एकता के एक ऐसे बंधन में बांधता है जिससे एक-दूसरे के प्रति घृणा का भाव तो दूर बल्कि एक दूसरे की चिंता करने का स्वभाव स्वतः ही विकसित हो जाता है। यहाँ केवल मनुष्यों की बात ना होकर संपूर्ण जीव जगत के लिए इस दृष्टि का प्रयोग है। इसी श्लोक में आये 'तेन त्यक्तेन भुंजीथ' हमे त्याग पूर्वक उपभोग करने के लिए प्रेरित करता है। भारत का सम्पूर्ण साहित्य त्यागमय जीवन की बात करता है। यहीं पर आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय पर चर्चा किया जाना समीचीन है। आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय के लिए कहा जाता है कि यदि राजनैतिक न्याय मिल भी जाए पर वह आर्थिक न्याय के अभाव में हो तो उसकी कोई उपयोगिता नहीं है। भारत में किस प्रकार लोक के द्वारा शासन व्यवस्था का संचालन होता था। इसका वर्णन पूर्व में किया जा चुका है एवं वह संपूर्णता से राजनैतिक न्याय की ओर संकेत करता है यदि हम आर्थिक न्याय की गहनता में जाएँ उसके सूत्र भी सामाजिक संरचना में अनायास ही देखे जा सकते हैं। समाज में चार वर्ण जिसमे वैश्यों के लिए व्यापार, वाणिज्य की सुविधा है यदि ऐसा कहा जाए तो ठीक नहीं होगा, ऋग्वेद में ऐसे प्रमाण मिलते हैं कि सभी वर्ग वाणिज्य, गौरक्षा, कृषि करते हैं जिससे इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि सभी वर्ण आर्थिक गतिविधियों में रहते थे। यदि आश्रम व्यवस्था को देखे तो उसमे गृहस्थ की समाज के प्रति एक विशेष जिम्मेदारी की गई है जिससे समाज का कल्याण हर दृष्टिकोण से हो सके। अन्य आश्रमों पर समाज को जागृत रखना एवं ज्ञान पर मीमांसा की विशेष जिम्मेदारी होने के कारण उनके जीवन की चिंता गृहस्थ के ऊपर ही आ जाती है जिससे समाज में विभिन्न मूल्यों का आदान-प्रदान हो सके। यह बताना यहाँ समीचीनी है कि इन सभी व्यवस्थाओं को जीवन का भाग बनाने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। धर्म के माध्यम से ही यह सारी व्यवस्थाएँ व्यक्ति के जीवन का अंग हो गई। ऋण-त्रयी एवं पंच

महायज्ञ जैसी व्यवस्था ना सिर्फ व्यक्ति के जीवन को सुगम बनाती है अपितु जीवन में उमंग एवं उत्साह बनाएँ रखती है एवं साथ ही साथ समाज कल्याण में महती भूमिका भी निभाती है।

निष्कर्ष

भारतीय संविधान की प्रस्तावना के विषय में यह कहा जाता है कि यह हमने अमेरिका के संविधान से प्रभावित होकर अपने संविधान में जोड़ी एवं इसमे सब कुछ उधार लिया गया है। हमने यह समझने के प्रयत्न किए कि किस प्रकार भारतीय संस्कृत वाङ्मय में कोई भी ऐसा ग्रंथ नहीं है जिसके उद्देश्य पूर्व में नहीं बताए गए हो तो भारत में यह परंपरा लंबे समय से रही है। इसी प्रकार हमने अपने संविधान की प्रस्तावना भी ग्रहण की। प्रस्तावना में वर्णित मूल्य भारतीय संस्कृति को अपने भीतर सँजोये हुए हैं। प्रस्तावना में वर्णित मूल्यों का संस्कृत वाङ्मय में प्रभावी स्थान है एवं यह समाज के भीतर उतर गए थे यह भी हमे अनायास ही देखने को मिल जाता है। इन मूल्यों की व्याख्या पूरे संस्कृत वाङ्मय में आई है आवश्यकता है तो उनके उल्लेख किए जाने की। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से उसी दिशा में एक प्रयास किया गया।

संदर्भ :

1. कश्यप, सु.(2011) हमारा संविधान, नैशनल बुक ट्रस्ट, , पृ.स.- 55
2. वही, पृ.सं.-57
3. वही, पृ.सं.-57
4. जैन, एम. पी.(2023), इंडियन कान्स्टिटुयशनल लॉ, लेक्सिस नेक्सिस, खंड-1, पृ.स.- 20
5. गैरोला, वा. (2017),कौटिलीय अर्थशास्त्रम, चौखम्बा विद्या भवन वाराणसी, , पृ.स.-13
6. विष्णु पुराण, गीतप्रेस गौरखपुर, बुक कोड- 48, सं० २०७६ , पृ.स.-118
7. शंकरभाष्यार्थ, ईशादि नौ उपनिषद्, गीताप्रेस गौरखपुर, बुक कोड- 1421, सं० २०८०, पृ.स.-25-26
8. शंकरभाष्यार्थ, ईशादि नौ उपनिषद्, गीताप्रेस गौरखपुर, बुक कोड- 1421, सं० २०८०, पृ.स.-37
9. अग्रवाल, वा.(2023), भारत की मौलिक एकता, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, , पृ.स.-12

भारतीय सनातन धर्म की आधुनिक विश्व में उपादेयता

कौशल किशोर प्रजापत,
शोधार्थी,
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

भारत देश धर्म प्रधान देश रहा है। यहां धर्म मानव जीवन के आचरण का अभिन्न अंग रहा है। यहां धर्म दर्शन का पर्याय रहा है, जिसने मनुष्य को यथार्थ जीवन जीने की दृष्टि प्रदान की है। वेद-उपनिषद, स्मृति, पुराण, आर्ष महाकाव्य (रामायण, महाभारत) आदि में धर्म के आचरण को शीर्ष पर रखा गया है। धर्म शब्द धृ-धारण धातु पूर्वक मनिन् प्रत्यय लगने से निष्पन्न (उत्पन्न) हुआ है। इसका व्युत्पत्तिपरक अर्थ है- "ध्रियतेऽनेनेति धर्मः" अर्थात् जिसका धारण किया जाए वह धर्म है। धर्म न केवल मनुष्य के सम्यक् व्यवहार, आचरण, आदर्श एवं मर्यादित कर्तव्यों से संबधित है, अपितु समाज व्यवस्था के संचालन व नियमन से भी सम्बन्धित है। "वेदोऽखिलो धर्ममूलम्" अर्थात् वेद धर्म के मूल हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद आदि चारों वेद धर्म के मूल प्रमाण माने गये हैं। यह धर्म सहज और कर्त्तव्य के रूप में दो तरह का होता है। प्रथम तो वस्तुगत धर्म और द्वितीय आचरण में आने वाला। वेदों में 'धर्म' का अर्थ निश्चित नियम व्यवस्था या आचार नियम है। धर्म ऋत का पर्याय है। जिस प्रकार ऋत सार्वभौमिक सत्य होता है। वैसे ही धर्म सार्वभौमिक कर्त्तव्यपरक अनुभूति है। वह कहने मात्र की बात मतवाद अथवा युक्तिमूलक कल्पना मात्र नहीं है। "धारयति इति धर्मः" अर्थात् जो धारण करने योग्य है, वही धर्म है। पृथ्वी समस्त प्राणियों को धारण किए हुए है। जैसे हम किसी नियम, व्रत को धारण करते हैं इत्यादि। सनातन परम्परा में धर्म को जीवन को धारण करने, समझने और परिष्कृत करने की विधि बताया गया है।

महाभारत में धर्म की परिभाषा का निर्वचन किया गया है- "धारणाद्धर्ममित्याहुः धर्मो धारयते प्रजा। यत्स्याद्धारणसंयुक्तं स धर्म इति निश्चयः॥" किसी भी शासनतंत्र में समृद्धि और शान्ति धर्म से ही आती है। धर्म की इतनी सहज परिभाषा महाभारत के अतिरिक्त अन्यत्र मिलना दुर्लभ है। प्रस्तुत शोधपत्र में धर्म के सनातन स्वरूप को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। इसके निमित्त भारतीय सनातन संस्कृति के स्रोत वेद, स्मृति, पुराण, दर्शन, रामायण, महाभारत और गीता से उपादेय साक्ष्यश्लोकों को संक्षिप्तया प्रस्तुत किया गया है।

भारतीय दर्शन में धर्म- भारत देश की सनातन परम्परा में धर्म और दर्शन अन्योन्य आश्रित रहे हैं। दर्शन वस्तुगत धर्म और आचरित किये जाने वाले धर्म दोनों की उचित व्याख्या करता है। भारतीय सनातन परम्परा में अनेक दर्शन धर्म में रूपान्तरित हो चुके है। जैन, बौद्ध, सिक्ख आदि दर्शनों ने धर्म की परिणति को प्राप्त कर लिया है।

वैशेषिक दर्शन में धर्म का लक्षण वैदिक परम्परा के अनुकूल ही है। वैशेषिक सूत्र में धर्म के विषय में लिखा गया है-

यतो ऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः।[1]

धर्म वह अनुशासित जीवन क्रम है, जिसमें लौकिक उन्नति (अविद्या) तथा आध्यात्मिक परमगति (विद्या) दोनों की प्राप्ति होती है। मीमांसा के अनुसार वेदविहित जो यज्ञादि कर्म है उन्हीं का विधिपूर्वक अनुष्ठान धर्म है। जैमिनि ने धर्म का जो लक्षण दिया है उसका अभिप्राय यही है कि जिसके करने की प्रेरणा (वेद आदि में) हो, वही धर्म है।[2] और मूलरूप से वेदों में विश्वमंगल की भावना निहित है।

स्मृति या धर्मशास्त्र में धर्म –

वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियं आत्मनः।

एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम् ॥[3]

मनु ने वेद, स्मृति, साधुओं के आचार और अपनी आत्मा की तुष्टि को धर्म का साक्षात् लक्षण बताया है। वेदः स्मृतिः सदाचारः वेद, स्मृति, सत्पुरूषों का आचार च और स्वस्य आत्मनः प्रियम्, अपने आत्मा के ज्ञान से अविरूद्ध प्रियाचरण एतत् चतुर्विधं धर्मस्य लक्षणम ये चार धर्म के लक्षण हैं अर्थात् इन्हीं से धर्म लक्षित होता है। मनुष्य मात्र के लिये जो सामान्य धर्म निरूपित किया गया है। वही समाज को धारण करनेवाला है, उसके बिना समाज की रक्षा नहीं हो सकती। मनु ने कहा है कि रक्षा किया हुआ धर्म रक्षा करता है। बौद्ध शास्त्रों में इसी धर्म को शील कहा गया है।

जैन शास्त्रों ने अहिंसा को परम धर्म माना है।

मनु ने धर्म के दस लक्षण बताए हैं:-

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।

धीर्विद्या सत्यमक्रोधो, दशकं धर्मलक्षणम् ॥[4]

(धृति (धैर्य), क्षमा (दूसरों के द्वारा किए गए अपराध को माफ कर देना, क्षमाशील होना), दम (अपनी वासनाओं पर नियन्त्रण करना), अस्तेय (चोरी न करना), शौच (आंतरिक और बाहरी शुचिता), इन्द्रिय निग्रह (इन्द्रियों को वश में रखना), धी (बुद्धिमत्ता का प्रयोग), विद्या (अधिक से अधिक ज्ञान की पिपासा), सत्य (मन, वचन और कर्म से सत्य का पालन) और अक्रोध (क्रोध न करना); ये दस धर्म के लक्षण हैं।)

महर्षि याज्ञवल्क्य ने धर्म के चौदह स्थान बताये हैं- पुराण, न्याय, मीमांसा, धर्मशास्त्र, षड् वेदांग (शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद तथा ज्योतिष), चार वेद (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद), यह चौदह धर्म के साधक हैं [5]

स्मृति-न्याय ग्रन्थों को धर्मशास्त्र की संज्ञा दी गई। धर्मशास्त्र में धर्म को तीन वर्गों में बाँटा गया है-

(1) सामान्य धर्म- भगवद्गीता में 30 सामान्य धर्मों का उपदेश है, जो इस प्रकार हैं- सत्य, दया, तपस्या, पवित्रता, कष्ट सहने की क्षमता, मन का संयम, अहिंसा, ब्रह्मचर्य का पालन, त्याग, स्वाध्याय, सरलता, संतोष, आत्मचिंतन, भोग त्याग, अन्न दान, सज्जन संगति, पूजा, यज्ञ, ईश् वंदना, आत्म समर्पण आदि।

(2) विशिष्ट धर्म- किसी व्यक्ति के द्वारा विशेष रूप से पालन करना, इसको स्वधर्म भी कहा जा सकता है। ये धर्म प्रत्येक व्यक्ति के आश्रम व वर्ण के अनुसार होते हैं। वर्णधर्म, आश्रम धर्म, कुलधर्म, राजधर्म, नैमित्रिकधर्म, देशधर्म ये विशिष्ट धर्म के अंतर्गत आते हैं।

(3) आपद् धर्म- आपद् धर्म का पालन सामान्य परिस्थितियों में न होकर उन विशिष्ट परिस्थितियों में करणीय है जो किसी आपत्ति या दुर्घटना के कारण उपस्थित होती हैं।

आचार्य याज्ञवल्क्य ने धर्म के षड्विध स्वरूप बताए हैं-

(1) वर्णाश्रम धर्म- प्रत्येक मनुष्य का उसके वर्ण के अनुरूप तथा आयु अनुसार आश्रम में प्रवेश करने के उपरांत नियमित कर्तव्यों का पालन करना वर्णाश्रम धर्म है। जैसे- ब्राह्मण वर्ण के लिए ब्रह्मचर्याश्रम में प्रवेश करने पर पलाश दण्ड धारण करना।

(2) आश्रम धर्म - ब्रह्मचर्य, गृहस्थ आदि आश्रम के अनुसार कर्तव्य या धर्म का पालन करना। जैसे- ब्रह्मचर्याश्रम में वेदाध्ययन, भिक्षाचरण करना आदि।

(3) वर्णधर्म- ब्राह्माणादि वर्ण के अनुसार धर्म का पालन करना। जैसे- ब्राह्मण के लिए वेदाध्ययन करना तथा मदिरापान का निषेध होना आदि।

(4) गुण धर्म- राजा के लिए अभिषेक, प्रजापालन आदि धर्म का पालन करना।

(5) निमित्त धर्म- किसी कारण से किए जाने वाले कर्तव्य। जैसे- पश्चाताप आदि

(6) साधारण धर्म- सत्य, अहिंसा, क्रोध न करना आदि। इस धर्म का पालन करना सभी मनुष्यों का मौलिक कर्तव्य है।

मन-वाणी-कर्म को नियंत्रित करते हुये कल्याण में प्रवृत्त करने का कार्य धर्म से ही संभव होता है। रामायण में प्रत्येक पात्र धर्म के साक्षात् मूर्त रूप हैं। राम का पुत्र व पति के रूप में, भरत-लक्ष्मण का भातृभाव, हनुमान की भक्ति, सीता का सतीत्व आदि कर्त्तव्यपरायणता के शीर्ष प्रतिमान हैं। श्रीराम कभी धर्म को नहीं छोड़ते और धर्म उनसे कभी अलग नहीं होता है। अत एव वाल्मीकि रामायण में " रामो विग्रहवान् धर्मः" कहा गया है। वस्तुतः इसमें कोई अतिशयोक्ति भी नहीं है।

धर्मादर्थः प्रभवति धर्मात् प्रभवते सुखम्।
धर्मेण लभते सर्व धर्मसारमिदं जगत्।। [6]

धर्म से अर्थ प्राप्त होता है और धर्म से ही सुख मिलता है। और धर्म से ही मनुष्य सर्वस्व प्राप्त कर लेता है। इस संसार में धर्म ही सार है। इसी भाव को रामायण में अन्यत्र भी कहा गया है- 'धर्माद् राज्यं धनं सौख्यमधर्माद् दुःखमेव च।" [7]

महाभारत तो साक्षात् धर्म की स्थापना और संरक्षा का महाकाव्य है।

गीता में भगवान् श्री कृष्ण की स्पष्ट घोषणा है-

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।

अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥[8]

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् ।

धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥[9]

सनातन परम्परा के 18 पुराणों में भी धर्म को परोपकार का पर्याय ही बताया गया है। 'अष्टादशपुराणानां व्यासस्य वचनद्वयं। परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम् ॥

पद्मपुराण में धर्म के विषय में इस प्रकार कहा गया है- श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चाप्यवधार्यताम्। आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्॥[10] इसका अभिप्राय है कि धर्म के सार को सुनकर उसको धारण करना चाहिये। और जो आचरण स्वयं के प्रतिकूल हो उसे दूसरों के साथ भी व्यवहार में नहीं लाना चाहिये। इसका समर्थन महात्मा गांधी जी ने भी किया है।

लोककवि तुलसीदास जी ने धर्म को पुराणवर्णित सार की तरह ही प्रस्तुत किया है-

पर हित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अधमाई॥ निर्नय सकल पुरान बेद कर। कहेउँ तात जानहिं कोबिद नर॥[11] इसका भावार्थ है- हे भाई! दूसरों की भलाई के समान कोई धर्म नहीं है और दूसरों को दुःख पहुँचाने के समान कोई नीचता (पाप) नहीं है। हे तात! समस्त पुराणों और वेदों का यह निर्णय (निश्चित सिद्धांत) मैंने तुमसे कहा है, इस बात को पण्डित लोग जानते हैं। यह तो धर्म का कर्म पक्ष हुआ।

वाणी में धर्म सत्य के के रूप में प्रकट होता है। किन्तु उसका भी कल्याणकारी रूप ही अभीष्ट है। मनुस्मृति में सत्य की कल्याणकारी सनातन परम्परा को ही धर्म कहा गया है-

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात् सत्यमप्रियम् ।

प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः ॥[12]

"अहिंसा परमो धर्मः धर्म हिंसा तथैव चः । धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः॥"[13] अर्थात् यदि अहिंसा परम धर्म है, तो धर्म हिंसा भी परम धर्म है। अहिंसा मनुष्य का परम धर्म है, और धर्म की रक्षा के लिए हिंसा करना उस से भी श्रेष्ठ है। जो धर्म की रक्षा करता है वह स्वयं रक्षित होता है||

पुरुषार्थ मनुष्य जीवन के लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायक होता है। धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष ये चारों पुरुषार्थ हैं जिनको पुरुषार्थ चतुष्ट्य या चतुर्वर्ग भी कहा गया हैं। इसमें भौतिक (सांसारिक), धार्मिक (नैतिक) तथा आध्यात्मिक (ईश्वरीय) तत्वों आदि

का सन्निवेशन (मिश्रण) है। चारों पुरूषार्थों में धर्म को अग्रणी रखा गया है। इसका प्रमुख कारण है कि धर्म इनकी प्राप्ति में उत्प्रेरक और नियंत्रक दोनों की भूमिका निभाता है। धर्मानुकूल अर्थ और काम की प्राप्ति से ही मनुष्य मोक्ष का अधिकारी बनता है। मनुस्मृति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अर्थ और काम का अनासक्त भाव से किया गया उपभोग धर्म के ज्ञान से ही संभव है। और उस धर्म की जिज्ञासा करने वालों के लिये परम प्रमाण श्रुति ही है। [14]

आधुनिक भारत में धर्म का स्वरूप- आधुनिक समय में धर्म का जो अर्थ प्रचलित है, वह सम्प्रदाय, मत या पंथ को इंगित करता है। वर्तमान भारत में धर्म को अंग्रेजी में रिलिजन (religion) और ऊर्दू में मजहब का पर्याय मानते हैं, लेकिन यह उसी तरह सही नहीं है जिस तरह की दर्शन को फिलॉसफी कहा जाता है। दर्शन का अर्थ देखने से बढकर है। उसी तरह धर्म को समानार्थी रूप में रिलिजन या मजहब कहना हमारे भाषिक ज्ञान की अल्पज्ञता ही है। मजहब का अर्थ संप्रदाय होता है। उसी तरह रिलिजन का समानार्थी रूप विश्वास, आस्था या मत हो सकता है, लेकिन धर्म नहीं। हालांकि मत का अर्थ होता है विशिष्ट विचार। कुछ लोग इसे संप्रदाय या पंथ मानने लगे हैं, जबकि मत का अर्थ आपका किसी विषय पर विचार है। धर्म का आधुनिक स्वरूप देश, काल, पात्र के अनुरूप आचार संहिता प्रस्तुत करता है। धर्म का यह स्वरूप देश, काल और पात्र के सापेक्ष होता है। धर्म के सनातन स्वरूप की अपेक्षा ये अर्थगत रूपान्तरण सीमित और संकुचित है। जबकि धर्म के सनातन स्वरूप के अनुसार वह तो मानव मात्र के लिये मूल तत्त्व है, शाश्वत, अपरिवर्तनीय व अविनाशी है। धर्म का यह स्वरूप सार्वभौम, सार्वकालिक एवं सर्वजनीन है। इस प्रकार धर्म के वास्तविक स्वरूप को प्रकाश में लाना अत्यन्त आवश्यक है।

भारतीय संविधान में मूल अधिकारों के अन्तर्गत धर्म की स्वतन्त्रता का अधिकार भी अनुच्छेद 25 से लेकर 28 तक में सम्मिलित किया गया है। धर्म की स्वतंत्रता का यह अधिकार अधिकांशतः विविध समुदायों का सन्तुष्टिकरण ही करने में ही सक्षम है। यह भी विडम्बना की ही बात है कि भारतीय संविधान में अधिकारों को प्रारम्भ में ही प्रमुख स्थान दे दिया किन्तु मूल कर्त्तव्यों को अनेक वर्षों के उपरान्त संविधान में स्थान दिया गया। तथा अधिकारों की अपेक्षा और भी कमजोर स्थिति में। आधुनिक भारत के दार्शनिक और प्रथम उपराष्ट्रपति डा.राधाकृष्णन् ने धर्म को कर्त्तव्य के पर्याय के रूप में माना है। वे धर्म का अर्थ आचार ग्रहण करते है,[15] जिसका आधुनिक संकीर्ण कट्टरता से कोई सम्बन्ध नहीं है। इससे भी अधिक धर्म प्रधान देश के संविधान में धर्मनिरपेक्षता जैसे आधुनिक शब्दों को भी स्थान दे दिया गया। संविधान में वर्णित धर्म साम्प्रदायिकता को ही पोषित करता है। यद्यपि कुछ वर्षों के उपरान्त धर्मनिरपेक्षता शब्द के स्थान पर पंथनिरपेक्षता शब्द को जोडा गया। यह देश की विविधता को विकृत करता है, जिसकी एकता का शंखनाद विश्वभर में किया जाता है। आधुनिक सन्दर्भों में धर्म शब्द की नवीन व्याख्याओं ने अनेक संवेदनशील समस्याओं को जन्म दिया है। आतंकवाद, धर्मपरिवर्तन आदि समस्याओं ने भारतीय समाज को अत्यधिक क्षति पहुंचाई है। ये भारत की विश्व एक परिवार **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** जैसी पवित्र अवधारणा का हनन करते हैं। वर्तमान समय में मनुष्य ने स्वयं को भौतिकवादी भोग-विलासिता की अंधप्रवृत्ति की ओर बढा दिया है। महाभारत में दुर्योधन ने स्वयं को अधर्म के वशीभूत बताते हुये कहा है कि- " जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिर्जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः। केनापि देवेन हृदि स्थितेन यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि ॥"[16] अर्थात् 'मैं

धर्मको जानता हूँ, पर उसमें मेरी प्रवृत्ति नहीं होती और अधर्मको भी जानता हूँ, पर उससे मेरी निवृत्ति नहीं होती। मेरे हृदयमें स्थित कोई देव है, जो मेरे से अधर्म करवाता है, वैसा ही मैं करता हूँ।' यहां दुर्योधन जिस 'देव' के अधीन होकर अधर्म का आचरण कर रहा है, वह वस्तुतः 'काम' (सांसारिक सुख-भोग और संग्रह प्रवृत्ति) ही है। इसके कारण मनुष्य विचारपूर्वक जानता हुआ भी धर्म का पालन और अधर्मका त्याग करने में समर्थ नहीं हो पाता है। काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह, तृष्णा और ईर्ष्या के अधीन होकर मनुष्य धर्म को जानते हुये भी अधर्म में ही प्रवृत्त होता चला जाता है। और दुर्योधन की भांति अन्ततः न केवल स्वयं के विनाश अपितु परिवार, समाज और राज्य के विनाश को भी प्राप्त हो जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने स्वधर्म के पालन श्रेष्ठ और सर्वसाध्य बताया है और परधर्म को त्याज्य और दुष्परिणामी बताया है, जो इस प्रकार है- "श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात्। स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥"[17]

मनुष्य को किसी भी स्थिति में अपने धर्म का त्याग नहीं करना चाहिये, प्रत्युत निष्काम, निर्मम और अनासक्त होकर स्वधर्म का ही पालन करना चाहिये। मनुष्य के लिये स्वधर्म का पालन स्वाभाविक है, सहज है। परधर्म से कुछ समय के लिये कल्याण की कामना की जा सकती है, किन्तु उसका अन्त भयावह होता है। इसके विपरीत स्वधर्म सांसारिक सुख-भोग के अभाव में भी अनुकर्ता को परम सन्तोष की अनुभूति कराते हुये मोक्ष प्रदान करता है। त्याग, परोपकार और प्रेम ये स्वधर्म के महत्त्वपूर्ण स्तम्भ हैं, जिनका आचरण सर्वत्र सर्वदा सर्वस्व के लिये सुखद होता है। सनातन परम्परा में श्रुति और स्मृति में उक्त धर्म के आचरण को श्रेष्ठ कहा गया है। केवल धर्म को जानना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि निरर्थक है। उसका आचरण करते हुये आत्मसात करना अत्यावश्यक है। यहां उपदेश से अधिक आचरण पर बल दिया गया है। अधिकार की अपेक्षा कर्त्तव्य को वरीयता दी गई है। हमारा कर्त्तव्य प्रधान देश आधुनिक भाषिक चिन्तन की अज्ञानता के कारण अधिकार प्रधान देश बन गया है। जबकि इस देश की सनातन परम्परा में धर्म का अनुसरण करने से ही अधिकारिता तय होती आयी है। सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप के पालन और आचरण ने पुरूष को महापुरूष की पदवी प्रदान की है। महात्मा गांधी का सम्पूर्ण जीवन सत्य और अहिंसा को समर्पित रहा है। विवेकानन्द जी ने भी अपने सम्पूर्ण जीवन को धर्म की वास्तविक स्थापना में लगाया था। वस्तुतः सनातन धर्म का वास्तविक स्वरूप और उसका आचरण मनुष्य को विश्वनागरिक बनाते हुये उसे विश्वकल्याण की भावना से परिपूर्ण करता है। उसमें निहित संकीर्ण सोच और कृत्यों को सनातन धर्म व्यापक उदारता से परिपूर्ण करता है। धर्म की सनातन संकल्पना व्यक्ति के दायित्वों तथा दूसरों के प्रति व्यक्तिगत कर्त्तव्यों के रूप में रही है। सनातन धर्म के पालन ही से आधुनिक विचारक **दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मवाद मानववाद** जैसी व्यापक की अवधारणा को संस्थापित किया जा सकता है। यह आज के वैश्वीकरण के युग में अत्यन्त उपादेय और प्रासंगिक है, जिससे समस्त विश्वकल्याण के मार्ग पर प्रशस्त हो सकता है। धर्म के सार्वभौमिक और कल्याणकारी स्वरूप को समझते हुये उसे आचरण में अपनाकर हम समुचित तरीके से लाभान्वित सकते हैं।

सन्दर्भग्रन्थसूची-

1. वैशेषिक सूत्र 1.1.2
2. चोदनालक्षणोऽर्थः धर्मः। मीमांसा सूत्र
3. मनुस्मृति 2.12
4. मनुस्मृति 6.91
5. पुराणन्यायमीमांसाधर्मशास्त्राङ्गामिश्रिताः। वेदाः स्थानानि विद्यानां धर्मस्य च चतुर्दश ॥ याज्ञवल्क्य स्मृति 2.11
6. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण 3/9/30
7. वाल्मीकि रामायण 7.15.23
8. भगवत् गीता अध्याय 4 श्लोक 7
9. भगवत् गीता अध्याय 4 श्लोक 8
10. पद्मपुराण सृष्टि खण्ड 19.357
11. रामचरितमानस 7.91
12. मनुस्मृति 138
13. महाभारत शान्तिपर्व 6.102
14. अर्थकामेष्वसक्तानां धर्मज्ञानं विधीयते। धर्म जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुति॥ मनुस्मृति 2.13
15. धर्म और समाज, पृ. 123
16. महाभारत अश्वमेध पर्व 50.36
17. श्रीमद्भगवद्गीता 3.35

Search on Research-Vedas and Upanishads through a Bibliometric Analysis

Dr. Priyanka Puri
Associate Professor,
Dept. of Geography,
Miranda House,
University of Delhi, Delhi

Introduction

Indian contributions to the world in the form of Upanishads, Vedas, and the concepts mentioned in them need no specific introduction. The term Veda means 'knowledge' and in particular 'an unbroken flow of knowledge' (Muller, 2000). The Vedic texts are considered to have been delivered by God through sages to enhance human existence on the earth (Pandey, 2005 a). The word Veda is derived from the Sanskrit word 'vid', which means to 'know'. They are religious texts of Hinduism and are believed to inform about existential knowledge concerns (Doniger, 2023). Although seen as authorless, they are also believed to propagate knowledge which is 'best' in acquisition (Griffith, 2003). They are considered perpetual and divine in origin (Dalal, 2014). A Veda is a collection of ideas as hymns in the Sanskrit language in praise of gods personified as natural phenomena (Doniger, 2023).

The content in the Vedas focuses on an ultimate philosophy, and they are considered to be the oldest treatise of human philosophy. They are attempts to gather divine information about the universe, terrestrial, atmospheric, and all other secrets of the cosmos, which were delivered to the seers after deep meditation. They are supposed to be the basis of Upanishads, texts which are the basis of Indian philosophy (Parashar, 2018). Vedas are divided into parts as follows:

The Samhitas (mantras), the Aranyakas (rituals and ceremonies), the Brahamanas (commentaries on rituals), and the Upanishads (discussion on meditation and philosophical aspects). The Samhitas are the primary textual parts of the Vedas, which contain the hymns. The Brahmanas are comments on the Samhitas. They provide an explanation of Vedic hymns. The Aranyankas are the forest books, describing the way of life for ascetics living in forests

(Sehgal, 2020). The Upanishads are the end texts of the Vedas and deal with the ultimate philosophical and mystical content of the Vedas. These are taken as the essence of the Vedas. In their descriptive form in the collection, Vedas are of four categories. These are the types of Vedas: Rigveda, Yajurveda, Samveda, and Atharvaveda. The three Vedas- Rigveda, Samveda, and Yajurveda are called 'vedatrayi' or trilogy of Vedas (IGNCA, 2023).

The content and subject of the Vedas can be divided into three broad categories- Karma Kanda, Upasana Kanda, and Jnana Kanda, dealing with rituals, worship, and knowledge, respectively (Atmanism, 2015). Rigveda connotes initiation with the word 'Rig', which is derived from the Sanskrit meaning rich. It means the hymn of praise called mantras and is considered as the oldest treasury and compendium of wisdom (IGNCA, 2023). This collection (Samhita) is seen as a compilation of several works. The Rigveda Samhita is seen as a collection of hymns called 'rik' in praise of deities. Worshippers, in turn, look for favours in return for these praises. It comprises 1,028 suktas. These hymns have verses which are divided into ten mandalas or books, which have impenetrable knowledge describing the observed world, rituals, and divine world (Jamison & Brereton, 2014).

The Veda Yajurveda is derived from 'Yaj', meaning prayers to be offered in the form of 'mantras' during 'yagya'. The term 'yagya' can also be taken to denote all individual and societal activities and behaviours which are performed for the utmost benefit of human beings and society (Pandey, 2005 b.). It also describes in detail the behaviours and practices which should be followed for this purpose, and these pertain to social, political, diplomatic, religious, and economic activities. It has a total of 1,975 mantras (Pandey, 2005 b.) and is cited as the pillar of the Rigveda and the Samveda (Staal, 2008). There are two parts of this Veda- Vajasaneyi or white text, and the Taittiriya or black text. These divisions basically indicate the nature of clarity of these texts as clear or white and unclear or black (Griffith, 2003).

The Samveda is the third Vedic text. This Veda aims at synchronicity. It suggests that knowledge, actions, and worship should be with God. This synchronicity forms the base of a world-level harmony. To achieve this, one must aim at oneness with life forms, world, and god as components (Pandey, 2005 c.). It is also called the book of chants and is the shortest of all the types of Vedas. The Samans are the chants, and the Samveda is taken as the prime Veda, as Lord Krishna described in the Bhagwatgita that 'Among the Vedas, I am the Samveda' (IGNCA, 2023).

The Atharvaveda is a later version of the Vedas and is considered separate from the trinity of the three Vedas because it does not deal with the ritualistic aspect. Rather, its focus is on spells to deal with diseases, removing demons, hymns related to the forces of the universe, and hymns concerning rituals and ceremonies (Lopez, 2021). It is also considered the source of Ayurveda. It is the Veda of the 'Atharvanis' wherein 'Atharvan' indicates a priest. It also denotes a 'yogi' or a stable-minded person. It is described as the only Veda dealing with both worldly and spiritual concerns. The varied categories of 'mantras' in this Veda broadly deal with three categories: a. Curing diseases and destroying evil forces, b. Creating peaceful, healthy, wealthy, and long life, c. dealing with the ultimate reality, time, and death. It is defined as an encyclopedia of multiple subjects (IGNCA, 2023). The Upanishads are called ‘Vedantas’ or conclusions of the Vedas (NA, 2016).

